सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 100 | इंदौर, सोमवार 16 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Israel Hamas War: इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष में 3900 की मौत; गाजा में अस्पताल में भर्ती मरीजों पर खतरा
2. सपा-कांग्रेस साथ नहीं लड़ेंगे चुनाव!: MP में इन सीटों पर दोनों पार्टियों के उम्मीदवार आमने-सामने, रणनीति फेल

# अभिनंदन...विमोचन...भेंट...






श्री सत्तन जी

स्नेही पाठकों,

सस्नेह वंदन !

''डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट'' का निरंतर यह प्रयास रहता है कि यथाशक्ति अपनी भूमिका का दायित्व निभा सके। इसी तारतम्य में आदरणीय श्री सत्तनजी से हुई परिचर्चा से उनके विचारों को जाना..हमारे दैनिक में प्रकाशित किया उन प्रकाशित श्रृंखला को स्मारिका के रुप में जन-जन तक पहुंचाने का भाव था, अतः समाचार पत्र में प्रकाशित करते हुए अंततः स्मारिका स्वरुप में आप सभी के अवलोकनार्थ विमोचित की गई है।

आदरणीय एवं हम सबके के प्रिय, कविपुंज श्री सत्तन जी के उक्त बेबाक, अर्थपूर्ण विचारों की इस स्मारिका का हमारी यथाशक्ति अनुरुप सवा ग्यारह लाख प्रतियों का प्रकाशन कर इंदौर - मध्यप्रदेश - भारत के समस्त कवि-कला जगत, राजनीति, धर्मक्षेत्र, उद्योगपति, खेल, सामाजिक क्षेत्र से संबंधित अतिगणमान्य - विशिष्टों सहित जनमानस तक प्रेषित करने का भी मनोरथ है।

अधिकाधिक हाथों में स्मारिका पहुंचा सके यही हमारी ओर से पुष्पांजलि स्वरुप "श्री सत्तन जी" को भेंट है।

सद्उद्देश्यों एवं हमारे संकल्पसूत्र ''सतर्क रहे-सजग रहे-अभियान'' के रुप में हमारा चरैवैति-चरैवेति कदम बढ़ाते रहना ही हमारा लक्ष्य भी है...शनैः शनैः पथ तय करते हुए आज एक छोटे से पड़ाव के रुप में एक संकल्प आपके हाथों में है...। आपके सुझाव अपेक्षित है।

आदरभाव सहित
**पुष्पेन्द्रपुष्प**
editor@dgr.co.in



भाजपा महासचिव श्री कैलाश जी विजयवर्गीय



इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र जी भार्गव

# राजबाड़ा पर महालक्ष्मी मंदिर के सामने आधी रात को खोदा गड्ढा, विरोध के बाद काम बंद

## ◆ड्रेनेज लाइन का पाइप जोड़ने के लिए की जा रही थी खुदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजबाड़ा स्थित महालक्ष्मी मंदिर के सामने कल आधी रात को बड़ा सा गड्ढा खो दिया गया। इसकी जानकारी जब क्षेत्रीय लोगों और पूर्व पार्षद को लगी तो वे तत्काल मौके पर पहुंच गए। साथ ही गड्ढा खोदने पर आपत्ति ली और बोले आज से नवरात्र शुरू हो रही है। मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्त आएंगे। बड़ा भारी गड्ढा खोदने से भक्तों को काफी दिक्कत होगी। ड्रेनेज लाइन का पाइप जोड़ने के लिए की जा रही खुदाई का विरोध होने पर ठेकेदार और स्मार्ट सिटी के अफसरों ने तत्काल काम बंद कर दिया। अब यह काम नवरात्र के बाद होगा।

स्मार्ट सिटी एरिया राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्र में ड्रेनेज व नर्मदा की पाइप लाइन डाली जा रही है। इसके चलते सराफा बाजार की तरफ से आ रही ड्रेनेज की लाइन को राजबाड़ा पर महालक्ष्मी मंदिर के सामने से होते हुए अन्ना पान वाले की दुकान के यहां जोड़ना है। स्मार्ट सिटी ने अन्ना पान वाले की दुकान के यहां ड्रेनेज लाइन जोड़ने का काम कर दिया है। इसके आगे महालक्ष्मी मंदिर के सामने ड्रेनेज लाइन के पाइप जोड़ने के लिए कल रात 2 बजे जेसीबी से खुदाई शुरू की गई। भारत पाकिस्तान के मैच में भारत की विजय होने पर राजबाड़ा पर जश्न मनाने और लोगों के जाने के बाद स्मार्ट सिटी के ठेकेदार ने महालक्ष्मी मंदिर के सामने खुदाई कार्य शुरू किया। इसके चलते ड्रेनेज के पाइप जोड़ने के लिए बड़ा भारी गड्ढा खोद दिया गया। यह देख क्षेत्रीय लोगों ने गड्ढा खोदने पर आपत्ति ली, लेकिन ठेकेदार ने उनकी एक न सुनी।

इस पर लोगों ने क्षेत्र के पूर्व पार्षद रत्नेश बागड़ी को मौके पर बुला लिया। उन्होंने राजबाड़ा पर पहुंचते ही महालक्ष्मी मंदिर के सामने खोदे गड्ढे का लोगों के साथ विरोध किया और ठेकेदार से काम बंद करने का कहा। इस पर ठेकेदार ने स्मार्ट सिटी कंपनी के अफसरों से बात करने बोला, क्योंकि उनके आदेश पर ही काम हो रहा था। पूर्व पार्षद बागड़ी ने रात में ही स्मार्ट सिटी कंपनी के सहायक यंत्री आकाश जैन को मोबाइल फोन लगाया और मंदिर के सामने गड्ढा खोदने पर विरोध दर्ज करवाया। साथ ही कहा कि आज से नवरात्र शुरू हो रहे है। मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्त नंगे पैर आते है। बड़ा भारी गड्ढा खोदने से भक्तों को काफी दिक्कत होगी। इसके साथ ही किसी के गिरने से अगर कोई घटना दुर्घटना हो गई तो स्मार्ट सिटी कंपनी इसकी जिम्मेदार लेगी क्या?

### तत्काल काम बंद किया

ड्रेनेज लाइन का पाइप जोड़ने के लिए की जा रही खुदाई का विरोध होने पर सहायक यंत्री जैन ने अपने बड़े अफसरों से बात की और फिर तत्काल काम बंद कर दिया। इसके साथ ही गड्ढे को भर दिया गया और आज रोड को ठीक करने का काम होगा। सहायक यंत्री जैन के अनुसार महालक्ष्मी मंदिर के सामने ड्रेनेज के पाइप जोड़ने का काम अब नवरात्र के बाद होगा। इस काम को शुरू कर दो से तीन दिन में खत्म किया जाएगा ताकि दीपावली त्योहर पर दिक्कत नहीं हो।

# कांग्रेस ने पहली सूची में खेला ओबीसी कार्ड

## ◆तीन विधायकों का टिकट काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने नवरात्रि के पहले दिन अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें 144 लोगों के नामों का ऐलान किया गया है। पहली लिस्ट में 96 विधायकों में से 69 को फिर से मौका दिया है। प्रदेश कांग्रेस ने पहली सूची में ओबीसी कार्ड खेला है। पार्टी ने जनरल कैटेगरी से 47 उम्मीदवार, 39 ओबीसी, 30 एसटी, 22 एससी और 6 माइनॉरिटी वर्ग से टिकट दिया है। 6 अल्पसंख्यक वर्ग के नेता, 5 जैन और 1 मुस्लिम को भी टिकट दिया है। वहीं कई विधायकों के नाम शामिल नहीं है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, कटंगी विधायक टामलाल सहारे और गुनौर विधायक शिवदयाल बागरी का टिकट काटा गया है। कई विधायकों के टिकट पर तलवार लटकी हुई है।

मप्र कांग्रेस तीन केंद्रीय मंत्रियों की सीट में से एक विधानसभा पर प्रत्याशी घोषित किया है। नरसिंहपुर विधानसभा सीट से केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ लाखन सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया है। जबकि दो केंद्रीय मंत्रियों की सीट से टिकट को होल्ड पर रखा हैं। वहीं उम्मीदवारों की सूची में कांग्रेस ने युवाओं पर दांव लगाया है। 50 साल से कम आयु के 65 उम्मदीवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने 144 में से 19 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि भाजपा ने 136 में से 17 महिलाओं को टिकट दिया है। वहीं इस लिस्ट में कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल है। पीसीसी चीफ कमलनाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। बुधनी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ टीवी सीरियल एक्टर विक्रम मस्ताल, तो भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के सामने संजय शुक्ला को चुनावी मैदान में उतारा गया है। वहीं केपी सिंह का विधानसभा क्षेत्र बदला गया है। झाबुआ से कांतिलाल भूरिया की जगह बेटे डॉक्टर विक्रांत भूरिया को प्रत्याशी बनाया गया है। इतना ही नहीं कुछ ऐसे नाम भी हैं जिन्होंने पिछली बार हार का सामना किया था, लेकिन पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताकर टिकट दिया है।

# इंदौर जिले में 79 सहायक मतदान केन्द्र बनेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर ।** इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन की व्यापक तैयारियां जारी है। सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिये विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिये 1550 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले 79 मतदान केन्द्रों के सहायक मतदान केन्द्र बनाये जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक के पश्चात यह प्रस्ताव मंजूरी के लिये निर्वाचन आयोग को भेजा जा रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आज यहां कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिले में 1550 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले 79 मतदान केन्द्रों के सहायक मतदान केन्द्र बनाये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# निजी अस्पतालों से फायर एनओसी की मांग, अपनों पर नहीं दे रहे ध्यान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इंदौर के निजी अस्पतालों में फायर एनओसी के लिए अभियान चला रहे हैं। इसके लिए अस्पतालों में जाकर वहां की व्यवस्था भी देख रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अपने पीसी सेठी अस्पताल के पास ही स्थायी फायर एनओसी नहीं है। स्थायी एनओसी नहीं मिलने का कारण यह है कि अस्पताल में आपातकालीन निर्गम द्वार नहीं है। ऐसे में यदि अस्पताल में आग लग जाएगी तो कैसे निपटेंगे, यह सबसे बड़ा सवाल है।**

उल्लेखनीय है कि पीसी सेठी अस्पताल में प्रतिदिन 200 से ज्यादा मरीज आते हैं। इनमें भी अधिकतर गर्भवती महिलाएं होती हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल में फायर लाइन भी नहीं है। बता दें कि कलेक्टर इलैया राजा टी ने अस्पतालों की फायर एनओसी को लेकर स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन अपने ही अस्पताल पर ध्यान नहीं दे रहा है। जब निजी अस्पतालों के लिए फायर एनओसी जरूरी है तो शासकीय अस्पताल को लेकर विभाग और खासकर लाइसेंस शाखा के अधिकारी-कर्मचारी गंभीर क्यों नहीं हैं?

### अस्पताल में दिनभर रहती है महिलाओं की भीड़

पीसी सेठी अस्पताल में दिनभर महिलाएं उपचार के लिए आती रहती हैं, इसलिए यहां अधिकतर भीड़ रहती है। इनमें भी अधिकांश गर्भवती महिलाएं होती हैं। डिलीवरी के केस भी यहां अधिक आते हैं। इसके बावजूद फायर फायटिंग की उचित व्यवस्था नहीं होना और स्थायी फायर एनओसी नहीं होना गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है।

### स्थायी एनओसी के प्रयास

अस्पताल में अभी अस्थायी फायर एनओसी है। हम स्थायी एनओसी के लिए प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही हम एनओसी ले लेंगे।

**- डा. वीरेंद्र राजगीर, प्रभारी पीसी सेठी अस्पताल**

# लायसेंसी शस्त्रों को 18 अक्टूबर तक जमा करना होगा

## शस्त्रों को जमा करने और छूट के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन निर्विघ्न, शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा लाइसेंसधारियों के शस्त्र जमा कराए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में शस्त्र जमा किए जाने से छूट प्राप्त व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी लाइसेंसधारियों को 18 अक्टूबर तक अपने शस्त्र जमा करना अनिवार्य होगा।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि 14 अक्टूबर 2023 को आयोजित जिला स्तरीय स्क्रेनिंग कमेटी द्वारा निर्णय लिए गए हैं कि न्यायाधीशगण, राष्ट्रीयकृत बैंकों के सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा एवं चुनाव आदि के लिये कर्तव्य पालन में लगे राजस्व एवं पुलिस अधिकारी, सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल, नगर सैनिक बल आदि तथा विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारियों एवं प्रत्याशियों की सुरक्षा हेतु लगाये पुलिस बल एवं अन्य शासकीय बल शस्त्र जमा कराने से मुक्त रहेंगें। शेष शत प्रतिशत लायसेंसी शस्त्रों को दिनांक 18 अक्टूबर 2023 तक जमा कराया जाना होगा। निजी बैंकों, औद्योगिक संस्थानों आदि की सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा दल/कर्मी अथवा अन्य व्यक्ति जिसे जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अनुमति दी गई हो ऐसे व्यक्ति शस्त्रधारण कर सकेंगें। ऐसी छूट पाने का लिखित अभ्यावेदन 16 अक्टूबर 2023 तक वे प्रस्तुत कर सकेंगें। जिन पर जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा पृथक से निर्णय लेकर उन्हें सूचित किया जायेगा।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की करंट लगाकर हत्या

## ◆ 4 साल के बेटे ने खोला राज, 20 दिन मातम का नाटक करती रही पत्नी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। मां की ये करतूत 4 साल के बेटे ने देख ली। दादा के पूछने पर बच्चे ने बताया- पापा खो गए। दादा ने पूछा- कहां खो गए? उसने कहा- मम्मी और पुत्तू चाचा ने पापा को मार दओ (मार दिया)...। बच्चे के इस खुलासे से पहले हत्या को हादसा समझा जा रहा था।**

मामला पनिहार थाना इलाके के घिरोली गांव में 26 सितंबर का है। पति ने पत्नी को रिश्तेदार के साथ गलत हालत में देख लिया था। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर पति के हाथ-पैर बांधे। इसके बाद प्रेमी ने करंट लगाकर उसे मार डाला। पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की अस्थियों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसा, फिर लगाया करंट-

घिरोली गांव में 26 सितंबर को शिवराज सिंह यादव (29) घर में मृत पाया गया था। करंट से उसका शरीर काला पड़ चुका था। 27 सितंबर को अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के बाद परिवारवालों ने शिवराज के 4 साल के बच्चे को दुलारा। बच्चे ने जो कुछ बताया, उसे सुनकर वे दंग रह गए।

बच्चे ने बताया- रात को मम्मी और पुत्तू चाचा ने पापा के हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। पापा को चाचा ने बिजली का करंट लगाया। बच्चे की बात सुनकर परिवार ने अपने स्तर पर पड़ताल की। पुष्टि होने के बाद शुक्रवार को पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया।

### पति को नींद की गोलियां देकर पड़ोसी को बुलाती थी

मीरा ने बताया कि वह पुत्तू को पसंद करती है। वह पड़ोस में ही रहता है। मीरा पति को रात को खाने में मिलाकर नींद की गोलियां दे देती थी। शिवराज के सोने के बाद पुत्तू घर में आ जाता था। 26 सितंबर की रात शिवराज की नींद खुल गई। उसने दोनों को रिलेशन बनाते हुए देख लिया। हालांकि, नींद की गोलियों का नशा होने पर विरोध नहीं कर सका।

पनिहार थाना प्रभारी अनुभव शर्मा ने बताया- परिजन की सूचना पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। मीरा दो दिन तक यही नाटक करती रही कि उसे पति की मौत का बहुत गम है। जब पुलिस ने सारे सबूत उसके सामने रखे तो मीरा ने हत्या करने की बात कबूल ली।

# प्रदेश में 3 दिन बदला रहेगा मौसम

## ◆ यूपी-राजस्थान से सटे क्षेत्र समेत 11 जिलों में बारिश; सर्दी भी बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मौसम बदला रहेगा। खासकर उत्तर प्रदेश और राजस्थान से सटे जिलों में हल्की बारिश होगी। ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच समेत 11 जिलों में बारिश हो सकती है। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने के कारण होगा।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि 15, 16 और 17 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्से में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। बारिश का दौर थमने के बाद ठंड का असर बढ़ेगा। अक्टूबर के आखिरी में रात के टेम्प्रेचर में गिरावट होगी।

**2 दिन कहां होगी बारिश-**

16 अक्टूबरः ग्वालियर, भिंड, दतिया, मुरैना, श्योपुरकलां, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, आगर-मालवा, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, झाबुआ, विदिशा, भोपाल, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, सागर, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, रीवा और सतना।

**17 अक्टूबरः** ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुरकलां, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना और सतना।

अक्टूबर में तीनों मौसम का ट्रेंड है। जैसे दिन में गर्मी पड़ती है। इस बार ऐसा ही हुआ। भोपाल, ग्वालियर, दमोह, जबलपुर, उज्जैन समेत कई शहरों अक्टूबर में ऐसी गर्मी पड़ी कि जैसे मार्च-अप्रैल का महीना हो।

# द सिंधिया स्कूल फोर्ट का स्थापना दिवस समारोह

## किले पर 2 घंटे रहेंगे पीएम मोदी; स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का करेंगे शिलान्यास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। द सिंधिया स्कूल फोर्ट के 125वें स्थापना दिवस समारोह इस बार खास होने वाला है। यह समारोह 21 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर अतिथि शामिल होंगे। पीएम करीब दो घंटे तक किले पर रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को कार्यक्रम शुरू होने से करीब एक घंटे पहले क्यूआर कोड के जरिए एंट्री मिलेगी।

स्कूल प्रबंधन की ओर से आगंतुकों की संख्या को सीमित करने और पीएम की सुरक्षा को लेकर यह बदलाव किया गया है। यह एंट्री दोपहर 3 से 4 बजे तक रहेगी। समारोह ठीक शाम 5 बजे पीएम नरेंद्र मोदी के स्कूल पहुंचने के साथ समारोह शुरू हो जाएगा। वह स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के नवाचारों को प्रदर्शनी के जरिए नवाचार देखेंगे।

साथ ही वर्षभर अलग-अलग क्षेत्रों में स्कूल का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, तकनीकी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सिंधिया एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष आरएस पवार भी शामिल होंगे। इसी क्रम में दूसरे दिन 22 अक्टूबर को पूर्व छात्रों के लिए कार्यक्रम होगा।

### विद्यार्थी तैयार कर रहे हैं पोर्ट्रेट

स्थापना दिवस समारोह को देखते हुए इन दिनों स्कूल में तैयारियां चल रही है। अधिकांश विद्यार्थियों ने पीएम मोदी का पोर्ट्रेट बनाकर देने की प्लानिंग है। इसके लिए पीएम मोदी के अलग-अलग फोटो को देखकर उनका हूबहू पोर्ट्रेट तैयार कर रहे हैं। विद्यार्थी समूह में उन्हें यह पोर्ट्रेट प्रदान करेंगे।

### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की खासियत

स्कूल में बनने वाला यह स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स आधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगा। इसका डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। इसमें बैडमिंटन, बॉस्केटवॉल, बॉलीबॉल कोर्ट सहित उनके लिए स्पोर्ट्स से संबंधित सभी सुविधाएं होंगी। पीएम को कॉम्प्लेक्स का नक्शा और डिजाइन भी दिखाया जाएगा।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। मुरैना के जौरा खुर्द में मामूली विवाद पर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में तीन गंभीर हैं। एक को ग्वालियर रेफर करना पड़ा है। बाकी का इलाज मुरैना जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना शनिवार देर शाम की है।**

जौरा खुर्द में वार्ड क्रमांक-8 मथुरा मार्केट के सामने अंबेडकर कॉलोनी में बादल माथुर खड़ा था। इसी दौरान पिंकी उर्फ राजवीर शराब के नशे में वहां पहुंचा और गालियां देने लगा। जवाब में बादल ने उसे रोका तो वह और गालियां देने लगा। इस पर बादल ने उसे थप्पड़ मार दिया। इस पर पिंकी उर्फ राजवीर के दो साथी जसवंत व जय सिंह दोनों मौके पर पहुंच गए और उन्होंने बादल माथुर को पीटना शुरू कर दिया। बादल माथुर को बचाने के लिए उसका भाई देवेंद्र माथुर पहुंचा तथा उसने दूसरे पक्ष को पीटने की कोशिश की तो उन लोगों ने उसके सिर में लाठी मार दी, जिससे उसके सिर में 6 टांके आए हैं।

अपने परिवार के दोनों लोगों को पिटते देख देवेंद्र माथुर के साथी बीरबल माथुर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी जोर आजमाइश की तो उनके सिर में भी सामने वाले पक्ष के लोगों ने लाठी मार दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। वे वहीं गिर पड़े। उनकी हालत नाजुक है और उन्हें चिकित्सकों ने ग्वालियर रेफर कर दिया है। उनके साथ दो अन्य लोग रवि माथुर व विशाल माथुर भी बीच बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट कर दी गई। रवि माथुर के पैर में चोट आई है तथा विशाल के हाथ में मामूली चोट आई है।

### पुरानी रंजिश के कारण हुई लड़ाई-

बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी के कारण पिंकी उर्फ राजवीर ने बादल माथुर को शराब के नशे में गालियां देना शुरू किया, जिससे दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# बगलामुखी में उमड़ा भक्ति का सैलाब

## दर्शन के लिए पहुंचे भक्त, श्रद्धालुओं करा रहे विशेष हवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी माता मंदिर में आज शारदीय नवरात्रि के पहले भक्ति का सैलाब देखने को मिला। प्रसिद्ध तांत्रिक स्थली में दूर दराज के क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने अपने कष्टों के निवारण के लिए बगलामुखी के दर्शन पूजन के साथ विशेष हवन कराए। दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। वहीं हवन क्षेत्र में भी अनुष्ठान के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। चारों ओर श्मशान से घिरे इस मंदिर में हवन अनुष्ठान का विशेष महत्व बताया जाता है। यहां आरती के समय को छोड़कर पूरे समय दिन और रात में हवन अनुष्ठान किए जा रहे हैं। पुजारी पंडित मनोहर लाल ने बताया कि वैसे तो यहां सालभर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन नवरात्रि में हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। यह मंदिर कई हजार वर्ष पुराना पांडव कालीन मंदिर है और यहां मां बगलामुखी त्रि-शक्ति के रूप में विराजमान हैं। वहां से पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान तपस्या कर मां से विजयश्री का वरदान प्राप्त किया था। मां बगलामुखी को पांडवों की आराध्य देवी भी कहा जाता है। शाम 4 बजे तक करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा यहां दर्शन किए गए।

# टिकट कटने पर छलका कांग्रेस विधायक का दर्द

## ब्रह्मा भलावी बोले- मेरा क्या कसूर, मैंने तो 55 करोड़ का ऑफर ठुकराया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** एमपी कांग्रेस की पहली सूची में बैतूल के घोड़ाडोंगरी से सिटिंग कैंडिडेट ब्रह्मा भलावी का टिकट कटने से वे आहत है। ब्रह्मा का कहना है कि मैं भले ही ब्रह्मा हूं पर अंतयार्मी नहीं हूं कि मेरा टिकट कटवाने में किसका हाथ है। अगर मैं अंतयार्मी रहता तो तुरंत पहचान लेता कि कहां गड़बड़ हुई। मैं 55 करोड़ में नहीं बिका। जब मुझे ऑफर आए तो मैं कांग्रेस के साथ रहा। इसके बाद भी अगर टिकट काट दिया तो यह ठीक बात नहीं। मैं अपना विरोध दर्ज करवाऊंगा।

घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र से ब्रह्मा भलावी ने पिछले चुनाव में भाजपा की गीता बाई को 17 हजार 927 वोट से हराया था। यहां 84.5 फीसदी वोटिंग हुई थी। जिसमें ब्रह्मा को 46.9 प्रतिशत का वोट शेयर मिला था। जबकि गीता 37.7 फीसदी ही वोट ले सकी थीं। हाईस्कूल पास ब्रह्मा को इस बार टिकट काटकर मुकाबले से बाहर कर दिए जाने से उनके समर्थक और वे खुद आहत है।

अब टिकट क्यों काटी गई मैं भगवान रहता। अंतयार्मी होता तो वैसे ही पहचान लेता कि कहां गड़बड़ हुई है। इसकी सत्यता के लिए कल मैं कमलनाथ जी के पास जाऊंगा कि मेरा क्या कसूर रहा। गलती रही जिसके कारण मेरा टिकट काट दिया गया है।

जब मुझे ऑफर आया था 55 करोड रुपए का, मंत्री पद का, इंदौर और भोपाल में फ्लैट का, तब मैं उनके साथ गया नहीं। मैं 18000 से जीता इसके बाद भी मेरा टिकट काट दिया गया तो यह ठीक बात नहीं है। मैं जीतने वाला उम्मीदवार हूं। मेरा सर्वे गलत गया होगा। मैंने आज तक किसी को फंसाया नहीं, किसी से रिश्वत नहीं ली। किसी को गलत तरीके से देखा नहीं, किसी काम का कोई शुल्क नहीं लिया। क्षेत्र में अपनी विधायक निधि बांटी तो सरपंच-सचिव से कभी कमीशन नहीं लिया। ऐसा ईमानदार जनप्रतिनिधि किसी को मिलता है क्या ? क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि मुझे टिकट नहीं दे रहे हैं। अगर किसी अनुभवी को टिकट दी जाए तो ठीक नहीं तो आदिवासियों का शोषण होता रहेगा। कोई भी नेता उन्हें यूज करता रहेगा।

# अभिनंदन...विमोचन...भेंट...









परमादरणीय सत्तन जी के साथ सम्पर्क ही सुखानुभूति का एहसास कराता है... वे वे ही हैं... उनसा दूसरा होने की तुलना... मुझे असहज होने जैसा लगता है... मन में एक विचार कौंधा क्यूं न ''दादा'' के स्पष्ट व सटीक विचारों को... पाठकों तथा आम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए... इस संकल्प को पूर्णता का आकार देने हेतु.. ''डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट'' के माननीय संपादक श्री पुष्पेन्द्र पुष्प की सहमति ने... एक ऐतिहासिक दस्तावेज... को मूर्त रुप प्रदान करने की भूमिका निभाई... मेरे प्रयासों को सार्थक मंच मिला... प्रकाशित अंशों का संकलन एवं स्मारिका का स्वरुप... मेरे लिए... सुखद अनुभूति केवल नहीं है... यह अवसर सिर्फ प्रयासों से नहीं मिलता है.. सौभाग्यशाली होना भी अनिवार्य है...

समय के साथ एक ऐतिहासिक दस्तावेज आज.... आपके हाथ में है... दादा के विचारों का पठन-पाठन और उस पर आपका चिंतन... ही हम सभी के प्रयासों की सफलता है... आप सभी के कल्याण की मंगलकामना सहित...

शुभेच्छु
एल.एन. उग्र
पी.आर.ओ. 'डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट'



भाजपा राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश जी विजयवर्गीय , समूह पी.आर.ओ. एल एन उग्र एवं प्रबंध संपादक महेंद्र पालीवाल।





इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र जी भार्गव , समूह P.R.O. एल एन उग्र एवं प्रबंध संपादक महेंद्र पालीवाल।





श्री सत्तन जी से चर्चारत..

## Jharkhand

# झारखंड में पांच नक्सली गिरफ्तार, अमेरिका में बनी एम-1 राइफल जब्त



रांची, (एजेंसी) झारखंड के चतरा जिले में दो स्वयंभू सब-जोनल कमांडरों सहित प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

चतरा के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि नक्सलियों के कब्जे से अमेरिका निर्मित एम-1 राइफल, कारतूस और संगठन के पर्चे समेत कई हथियार जब्त किए गए। पुलिस को सिदालु-सतपहाड़ी पहाड़ी में प्रतिबंधित संगठन के 10 विद्रोहियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने इलाके में छापामारी कर शुक्रवार को पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार विद्रोहियों में टीएसपीसी का सब-जोनल कमांडर प्रभात उर्फ प्रेम कुमार गंझू 14 मामलों में वांछित था। इसके अलावा विशु गंझू उर्फ अशोक गंझू पर 11 मामले दर्ज हैं। वहीं, अन्य नक्सलियों की पहचान अरुण प्रजापति, नरेश कुमार भोक्ता और जीतेंद्र कुमार रजक के रूप में की गई है।

## Bihar

### दरभंगा : वर्चस्व की जंग में दिनदहाड़े 12 राउंड फायरिंग, 3 लोग हुए जख्मी, घर में छिपे थे आधा दर्जन बदमाश

**दरभंगा, (एजेंसी)** दरभंगा के विवि थाना क्षेत्र के कादिराबाद मोहल्ले में रविवार की दोपहर करीब एक बजे आपसी वर्चस्व को लेकर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक राहगीर भी शामिल है। जिनकी पहचान तरुण पासवान, छोटू यादव एवं एक राहगीर के रूप में हुई है। दो का इलाज विभिन्न निजी नर्सिंग होम तथा राहगीर का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। गोलीबारी के बाद भीड़ ने एक अपराधी को पकड़कर जमकर उसकी पिटाई कर दी। इसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया। भीड़ से बचाकर पुलिस ने उसे डीएमसीएच में भर्ती कराया है।

लात-घूंसे से पिटाई घायल अपराधी की पहचान उसी मोहल्ले के मो.सरवर ओला के रूप में हुई है। वह मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाने के चखारी-वसंत गांव का है। आरोपित को भीड़ ईंट-पत्थर, लाठी-डंडा और लात-घूंसे से पुलिस के आने तक पीटती रही। ओला ने कादिराबाद में भी मकान बना रखा है। रविवार को उसी के मकान से अपराधियों ने फायरिंग की। पुलिस ने सरवर के घर में मौजूद तीन महिलाओं एवं एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मौके से पुलिस ने अपराधियों की चार बाइक जब्त की है।

## Uttarpradesh

### घर की छत पर राष्ट्रध्वज के ऊपर लगाया इस्लामिक झंडा, मुकदमा दर्ज

**बरेली, (एजेंसी)** बरेली में राष्ट्रध्वज के ऊपर धार्मिक झंडा लगाने को लेकर एक व्यक्ति के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एक्स (ट्विटर) पर शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है। बारादरी की कांकरटोला चौकी इंचार्ज वकार अहमद ने थाना बारादरी में चक महमूद निवासी नदीम खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि नदीम खां ने धार्मिक झंडे को राष्ट्रध्वज के ऊपर लगाया है, जिससे राष्ट्रध्वज का अपमान हुआ है। इस संबंध में एक्स (ट्विटर) पर पुलिस से शिकायत की गई थी। मामले की जांच बारादरी पुलिस को सौंपी गई। कांकरटोला चौकी इंचार्ज वकार अहमद ने जांच की तो नदीम के घर की छत पर राष्ट्रध्वज के ऊपर धार्मिक झंडा लगा मिला। जांच में मामला सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## New Delhi

### जेएनयू परिसर में स्पोर्ट्स बाइक से हादसा, पैदल जा रहे एक छात्र की टक्कर से मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में स्पोर्ट्स बाइक पर सवार दो छात्रों ने पैदल जा रहे दो छात्रों को रविवार तड़के टक्कर मार दी। हादसे में चारों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां बाइक सवार अंशु कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल दूसरा बाइक सवार विशाल कुमार, पैदल छात्र सचिन शर्मा व मृगांक यादव अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें सचिन और विशाल की हालत नाजुक है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि जेएनयू परिसर में गोदावरी बस स्टॉप के पास यह हादसा रविवार तड़के हुआ। रशियन भाषा के स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र अंशु कुमार मूलरूप से बिहार के गया का निवासी था। वह जेएनयू के सतलुज हॉस्टल में रह रहा था। वह अपने मित्र विशाल कुमार के साथ स्पोर्ट्स बाइक से जेएनयू में काम से जा रहा था। मूलरूप से गया का निवासी विशाल पीछे बैठा हुआ था।

बाइक की रफ्तार काफी ज्यादा थी। गोदावरी बस स्टॉप के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और पैदल जा रहे छात्र सचिन शर्मा और मृगांक यादव को टक्कर मार दी।

## खेल

# गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर, बने ये कमाल के रिकॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 69 रन से हराकर वर्ल्ड कप 2023 का पहला उलटफेर किया है। इंग्लैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की किसी भी फॉर्मेट में ये पहली जीत है। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के 13वें मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.3 ओवर में 215 रन ही बना सकी। इससे पहले दोनों टीमों का सामना सिडनी में 2015 विश्व कप में और 2019 में मैनचेस्टर में 2019 विश्व कप में हुआ था और इंग्लैंड ने क्रमशः नौ विकेट और 150 रन से जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान की विश्व कप के इतिहास में ये दूसरी जीत है, इससे पहले 2015 में विश्व कप में टीम ने स्कॉटलैंड को हराया था। वनडे वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा मैच हारने वाली अफगानिस्तान तीसरी टीम थी। अफगानिस्तान ने 2015 से 2023 तक कुल 14 मैच गंवाए थे।



लंबे समय तक युद्ध की विभीषिका झेलने और राहत शिविरों के अलावा अपने 'दूसरे घर' भारत में क्रिकेट का ककहरा सीखने वाले अफगान खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे सुनहरा पन्ना लिख डाला और उसके साक्षी रहे अरुण जेटली स्टेडियम पर उनकी हौसलाअफजाई करने पहुंचे 25000 से अधिक दर्शक। पहले दोनों मैच हारकर यहां आई अफगानिस्तान टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में इंग्लैड को उन्नीस साबित कर दिया।

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 57 गेंद में 80 रन के बाद मुजीबुर रहमान की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए रविवार को गत चैम्पियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा दिया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.3 ओवर में 215 रन पर आउट हो गई। राशिद खान ने जैसे ही मार्क वुड को बोल्ड किया , खुशी से उछलते अफगान क्रिकेटरों के चेहरों पर साफ था कि यह जीत उनके और उनके देश के लिए कितने मायने रखती है।

इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक (61 गेंद में 66 रन) को छोड़कर कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका । वहीं अफगानिस्तान के लिये पहले 16 गेंद में 28 रन बनाने वाले मुजीबुर ने गेंदबाजी में भी जलवा दिखाते हुए तीन विकेट चटकाए। अनुभवी स्पिनर मोहम्मद नबी ने छह ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए। इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और दूसरे ही ओवर की पहली गेंद पर फजलहक फारूकी ने जॉनी बेयरस्टो (तीन) को पवेलियन भेज दिया ।

## सिनेमा

### थलपति विजय की 'लियो' ने रिलीज से पहले ही तोड़ा शाहरुख का बड़ा रिकॉर्ड, धमाकेदार ओपनिंग के लिए तैयार!



साउथ के सबसे बड़े स्टार्स में से एक थलपति विजय की फिल्म 'लियो' का क्रेज अलग लेवल पर चल रहा है. विजय को तमिल सिनेमा के टॉप स्टार्स में गिना जाता है, लेकिन अभी तक उनकी फिल्में साउथ तक ही सीमित थीं. 'लियो' उनकी पहली पैन इंडिया रिलीज है और इस फिल्म के लिए एक्साइटमेंट अलग ही लेवल पर है.

'लियो' को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है, जो 'कैथी' और 'विक्रम' से अपना एक अलग यूनिवर्स तैयार कर चुके हैं. माना जा रहा है कि 'लियो' की कहानी भी इसी यूनिवर्स से जुड़ने जा रही है. फिल्म में संजय दत्त का होना भी, इसे पॉपुलर बनाने वाला एक फैक्टर है. विजय की इस फिल्म के लिए इंडिया में कुछ दिन पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू हुई, जबकि विदेशों में बुकिंग पिछले महीने से ही शुरू है. सिर्फ एडवांस बुकिंग से ही 'लियो' ने एक ऐसा रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिसे तोड़ने की उम्मीद शाहरुख के अलावा किसी से नहीं की जा रही थी.

19 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही 'लियो' के लिए यूके में धुआंधार एडवांस बुकिंग चल रही है. सिर्फ पहले दिन की एडवांस बुकिंग से ही फिल्म ने इतनी कमाई कर ली है कि ये यूके में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली भारतीय फिल्म बन चुकी है.

# संपादकीय

## नया अध्याय

बीते कुछ सालों के दौरान अपनी आंतरिक परिस्थितियों और समीकरणों की वजह से श्रीलंका का झुकाव चीन की ओर हुआ था। इस क्रम में चीन ने आर्थिक व्यूह-रचना के बूते श्रीलंका को अपने दायरे में बांधने की पूरी कोशिश की। हालांकि उसके बाद से नतीजा यह होना चाहिए था कि श्रीलंका की माली तस्वीर सुधरती। मगर इसके उलट, भारी कर्ज की वजह से आर्थिक मोर्चे पर उसकी हालत यह हो गई कि पिछले साल वहां एक तरह से जनविद्रोह हो गया और व्यापक अराजकता फैल गई थी। उससे संभलने और उबरने में श्रीलंका को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। उधर, तमिलनाडु के नागपट्टिनम से लेकर श्रीलंका के जाफना के पास कांकेसंतुरई तक नौका सेवा की शुरुआत को दोनों देशों के बीच संबंधों में नई शुरुआत माना जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि हम भारत और श्रीलंका के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं और यह इस मामले में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय ने भी नौका सेवा की शुरुआत को लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। यों भी, संपर्क कायम रखने के मामले में सहजता दोनों देशों के बीच साझेदारी का एक केंद्रीय विषय रही है, क्योंकि यह व्यापार, पर्यटन से लेकर लोगों के बीच संवाद की नई स्थितियों की रचना करती है। वहीं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में भी यह काफी सहायक होती है। पड़ोसी होने के नाते भारत और श्रीलंका के लिए यह राजनयिक के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टि से भी एक जरूरी पहलू हो जाता है। इस लिहाज से पिछले करीब एक दशक में दोनों देशों के बीच परिवहन संपर्क के स्तर पर सहयोग में बढ़ोतरी हुई है। सन 2015 में भारत के प्रधानमंत्री ने जब श्रीलंका की यात्रा की थी, तब दिल्ली और कोलंबो के बीच सीधी विमान सेवा की शुरुआत हुई थी। बाद में 2019 में चेन्नई और जाफना के बीच भी सीधी उड़ान शुरू हुई। अब नागपट्टिनम और कांकेसंतुरई के बीच नौका सेवा को इसी दिशा में एक कड़ी माना जा सकता है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से संस्कृति, सौहार्द और सहयोग आधारित संबंध रहे हैं। बीच में उपजी कुछ आशंकाओं के बाद अब फिर संबंधों में मजबूती के नए दरवाजे खुलते दिख रहे हैं।

**Quote...**

"It is during our darkest moments that we must focus to see the light."

-Aristotle

||ॐ||

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**ये दबदबा, ये रुतबा, ये नशा, ये दौलत सब किरायेदार हैं... घर बदलते रहते हैं....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर सपाटा

# डांडिया और गरबा नाइट के लिए बेस्ट हैं भारत के ये शहर, खूब आएगा मजा



**नौ दिनों तक मनाया जाने वाला नवरात्रि का त्योहार बहुत ही पवित्र त्योहार है। इस खास मौके पर देवी को उनके सभी रूपों में पूजा जाता है। नवरात्रि हर साल दो बार आती है जो एक बार चैत्र और फिर आश्विन महीने में मनाया जाता है। इस दौरान कई जगह पर डांडिया का आयोजन भी होता है, जो इस त्योहार को और भी ज्यादा खास बना देता है। यहां जानिए भारत की उन जगहों के बारे में जहां डांडिया और गरबा नाइट का मजा ले सकते हैं।**

### ◆ बैंगलुरु

दक्षिण भारत में डांडिया का मजा लेना चाहते हैं, तो आप नवरात्रि के समय बेंगलुरु शहर में कई जगहों पर गरबा और डंडिया नाईट का आयोजन किया जाता है। इस दौरान यहां पर लाइव कंसर्ट भी होते हैं जिसमें बॉलीवुड के कई सितारे पहुंचते हैं।

### ◆ दिल्ली

दिल्ली में भी कई ऐसी जगह है, जहां पर आप गरबा का पूरा मजा ले सकते हैं। नवरात्रि के दौरान कई जगहों पर गरबा और डांडिया खेलने का मौका मिल जाएगा। दिल्ली के पास गुड़गांव हरियाणा जैसी जगह पर आप डांडिया का पूरा मजा ले सकते हैं। यहां आप एंट्री फीस देकर इस उत्सव में शामिल हो सकते हैं।

### ◆ मुंबई

मुंबई भी भारत का एक ऐसा शहर है जहां नवरात्रि का उत्सव भी बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मुंबई में कई ऐसी जगह है जहां आप डांडिया और गरबा का मजा ले सकते हैं। अगर आप डांडिया का मजा लेना चाहते हैं, तो नवरात्रि के खास त्योहार पर यहां शामिल हो सकते हैं।

### ◆ अहमदाबाद

अहमदाबाद गुजरात का एक प्रमुख शहर है जो गरबा और डांडिया नाइट्स के लिए फेमस है। आपको बता दें कि यहां पर कई ऐसी शानदार जगह हैं, जहां पर आप डांडिया नाइट का हिस्सा बन सकते हैं। यहां पर कई जगहों पर डांडिया और गरबा नाइट का आयोजन किया जाता है, जिसमें एंट्री फीस देकर आप शामिल हो सकते हैं।

## Highlights

1. *Hiranandani Group denies allegations of 'bribing' Mahua Moitra, issues statement*
2. *Govt plans 'One Nation, One ID' called 'APAAR' for school students*
3. *Canada PM Trudeau issues statement on Navratri amid row with India*
4. *Dubai-Amritsar flight diverted to Karachi due to medical emergency*
5. *BR Ambedkar's tallest statue outside India unveiled in US*
6. *Former Chief Election Commissioner MS Gill dies aged 87*

# IDBI Bank deferred tax assets of ₹11,520 cr, 120 properties in 7 cities, says govt

**NEW DElHI, (Agency).** The government has informed the prospective asset valuers of IDBI Bank that the lender has deferred tax assets of ₹11,520 crore and 120 properties in the top seven cities including Mumbai, Pune, and Chennai.

In response to the pre-bid queries from prospective asset valuers of IDBI Bank, the Department of Investment and Public Asset Management (DIPAM) said the bank has as many as 68 properties in Mumbai, 20 in Pune, nine in Chennai and seven in Ahmedabad. Besides, it has six properties in Kolkata and five each in Delhi and Hyderabad.

We're now on WhatsApp. Click to join.

"The intangible on the balance sheet of IDBI Bank primarily comprises deferred tax assets of around ₹11,520 crore," DIPAM said.

Deferred tax asset commonly refers to over payment of tax by an entity. Such excess tax paid can be adjusted against future tax dues.

DIPAM further said the asset valuer shall further identify intangibles not on the IDBI Bank balance sheet like brand name, branch network and value them.




The Terms of Reference for asset valuers included describing and listing of all the properties and assets, including intangibles such as trademark(s), title to property rights, being valued, as provided by the bank. Valuation of intangibles were required to be indicated separately.

Giving details of asset properties in the seven cities, DIPAM informed the asset valuer that such assets account for 94 per cent of the total written down value (after accounting for depreciation) of fixed assets of IDBI Bank.

In response to pre-bid queries from asset valuers regarding a list of assets and properties held by the bank, DIPAM said that a complete list of IDBI Bank's fixed assets and relevant documents would be provided to the appointed asset valuer subsequent to execution of the confidentiality agreement.

The government along with LIC is selling nearly 61 per cent stake in IDBI Bank and has received multiple Expressions of Interest (EoI) for the same. As part of the sale process, it is now scouting for an asset valuer for conducting valuation of assets of IDBI Bank for its strategic sale. The last date for submitting bids by asset valuer is October 30.

The asset valuer would be required to value IDBI Bank's investments; loans & advances; fixed assets and other assets.

DIPAM, however, gave the total count of properties that the bank has in the seven cities. These include 68 in Mumbai, 20 in Pune, 9 in Chennai, 7 in Ahmedabad 6 in Kolkata and 5 each in Delhi and Hyderabad.

## From IRM Energy to WomanCart, 5 IPOs to watch out for this week

**NEW DElHI, (Agency).** The second week of October will witness strong buzz in the stock market with new listings and opening of initial public offerings (IPO), that will be available for subscriptions in the coming week.

Here's a list of IPOs to be watched out in the coming week.

IPO stands for Initial Public Offering and it is when the promoters of the company in question




for the first time want to raise additional funds by offering shares of the company.

IPO stands for Initial Public Offering and it is when the promoters of the company in question

for the first time want to raise additional funds by offering shares of the company.

Arvind And Company Shipping SME

Jamnagar-based Arvind and Company Shipping Agencies Ltd opened its IPO for subscription on October 12 and will close on Monday, i.e October 16. The company is coming out with its Initial Public Offer (IPO) of 3276000 equity shares of Rs. 10 each at a fixed price of Rs. 45.

We're now on WhatsApp. Click to join.

IRM Energy IPO

IRM Energy's IPO will open for subscription on October 18 and will close on October 20. The company is planning to raise ₹545 crore through the IPO and has a fixed price band of ₹480-505 per share. The company's chief executive Karan Kaushal said it plans to use about ₹307.26 crore from the issue proceeds for funding capital expenditure requirements for developing the city gas distribution network in Namakkal and Tiruchirappalli in Tamil Nadu in the coming years.

# दोपहिया वाहन डीपी के पोल में जा घुसा, एक नाबालिग की मौत, दो गंभीर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जीपीओ रोड पर सडक़ हादसे में एक नाबालिग की मौत हो गई। जबकि उसका दूसरे दो साथी गंभीर घायल हुए हैं। वहां से निकलने वाले लोगों ने उसे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। रात में पुलिस भी सूचना के बाद यहां पहुंची।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक घटना चिडिय़ाघर के सामने की है। रविवार रात करीब 1 बजे के यहां सडक़ किनारे बनी डीपी के पोल में दो पहिया वाहन सहित मोंटी (16) पुत्र रमेश निवासी खजराना, अनिल (17) पुत्र श्रीराम और शक्ति (22) पुत्र चंद्रशेखर निवासी कबीट खेड़ी हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में मोंटी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने बताया कि जब वहां से गुजर रहे थे उनकी बाइक डीपी के यहां बने पोल में घुसी हुई पड़ी थी। तीनों भी वहीं घायल मिले।

पहले डायल 100 को कॉल किया। काफी देर तक संयोगितागंज पुलिस मौके पर नहीं आई। फिर एंबुलेंस को भी कॉल किया। मदद नहीं मिलने पर तीनों को लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे। यहां से पुलिस को सूचना दी गई। हादसे को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### बीबीए स्टूडेंट की भी हादसे में मौत

देवगुराडिय़ा इलाके में सडक़ हादसे में एक बीबीए स्टूडेंट की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि वह रात में अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक अक्षत 21 पुत्र विवेक गजांकुश निवासी राजेंद्र नगर अपने दोस्त हर्षित देसाई के साथ रात में बाइक से घर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान देवगुराडिय़ा ब्रिज के यहां उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अक्षत को सिर में चोट आने के चलते गंभीर हालत में मौत हो गई। जबकि हर्षित को चेहरे ओर हाथ पर चोट आई है। परिचित ने बताया कि अक्षत ने एक्रोपोलिस कॉलेज से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। इसके बाद वह एमबीए करना चाहता था। उसके पिता का खुद का बिजनेस है। जानकारी के मुताबिक वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। फिलहाल पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, सात पेटी देशी मदिरा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विधानसभा चुनाव से पहले आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अलग-अलग व्रत द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ने कुलकर्णी का भट्टा से 22 हजार मूल्य की सात पेटी देशी शराब जब्त की गई।**

आबकारी विभाग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. इलैया राजा टी के निर्देश पर अवैध शराब तस्करों, नियम विरुद्ध शराब विक्रय और संग्रह करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहियां की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मार्गदर्शन में गत दिवस इंदौर में बड़ी कार्यवाही की गई।

आबकारी अमले को गश्त के दौरान सूचना प्राप्त होने के आधार पर आकाश पिता चंपालाल निवासी कुलकर्णी का भट्टा के रहवासी मकान पर विधिवत दबिश देकर तलाशी ली गई। इस दौरान घर में पलंग पेटी में रखी 7 पेटियों मे 350 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद हुई। जिसकी कीमत 22 हजार 700 रुपये है। आरोपी से जप्त मदिरा को कब्जे रखने का परमिट नहीं मिला। आरोपी के पास परमिट नहीं मिलने पर कब्जे से बरामद मदिरा को मौके से विधिवत जब्त किया गया। आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर प्रकरण कायम किया गया।

**लगातार की जा रही कार्रवाई-** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। विभाग के अलग-अलग व्रत की टाइम जिले में लगातार चेकिंग अभियान भी चला रही हैं। इस माह अभी तक लाखों रुपये की अवैध शराब जब्त की जा चुकी हैं।

## ऑटो डील पर लूट करने वाले तीनों बदमाश पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हीरानगर में ऑटो डील कर्मचारी से लूट करने वाले तीनों बदमाशों को हीरानगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया है। लूट करने वाले तीनों बदमाशों के आपराधिक रिकॉर्ड हैं। इसमें से एक चर्चित हत्या और लूट जैसे संगीन मामलों का आरोपी रह चुका है। पुलिस ने फुटेज के बाद बाइक नंबर के आधार पर तीनों को दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक बालाजी ऑटो डील पर सिद्धार्थ नाम के कर्मचारी के सिर में चाकू मारकर बदमाश आईफोन और 15 हजार रुपए लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में हीरानगर पुलिस ने रात में अंकुश बरबेले निवासी बड़ी भमोरी, दत्ता कोहले निवासी टापू नगर और रवि यादव को पकड़ा है। आरोपी बाइक से यहां पहुंचे थे। इसके बाद लूट कर फरार हो गए। कुछ साल पाल दत्ता कोहले ने एनटीएसी ग्राउंड में महिला मित्र के साथ लूट के इरादे से एक युवक की हत्या कर दी। जेल से आने के बाद राजू गाइड के भतीजे अर्जुन गाइड पर हत्या की नीयत से जानलेवा हमला किया। इस मामले में फिर से जेल चला गया।

करीब पांच साल बाद छूटने के बाद उसने आजाद नगर इलाके में लूट की वारदात को अंजाम दिया। फिर डराकर समझौता कर जेल से बाहर आया। इसके बाद हीरानगर, परदेशीपुरा और एमआईजी इलाके में सक्रिय हो गया। इसके बाद बालाजी ऑटो डील के कर्मचारी सिद्धार्थ के साथ लूट की। अंकुश पर भी एक दर्जन के लगभग अपराध दर्ज हैं। वह विजयनगर इलाके का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। वहीं रवि यादव पर भी पूर्व में दत्ता के साथ मामले में केस पार्टनर रह चुका है।

## 40 लाख की ठगी एडवाइजरी कंपनी के 7 लोग गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। करीब एक दर्जन से ज्यादा आर्मी अफसरों से ठगी करने वाली एक फर्जी एडवाइजरी कंपनी के संचालक सहित 7 लोगों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। गिरोह के लोग कॉल सेंटर में काम करते हैं, उन्होंने वाइस चेंजर एप से महिलाओं की आवाज में बात कर अफसरों को झांसे में लिया। फिर फर्जी डीमेट अकाउंट का स्क्रीन शॉट भेजकर 2 से 3 गुना मुनाफा देने का बोलकर 40 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल, एक लैपटॉप मिला है।

संचालक कमलेश वर्मा बजाज कैपिटल, स्मार्ट कैपिटल व एसएमसी ट्रेडिंग कंपनियां संचालित कर निवेश के नाम पर लोगों को ठग रहा था। इसके खिलाफ जम्मू में पदस्थ राजगढ़ के आर्मी अधिकारी कैलाशचंद ने शिकायत की थी। कमलेश ने अधिकारी को बजाज कैपिटल में निवेश करने पर 3 गुना रिटर्न देने का बोलकर 5 लाख ठग लिए थे। यही नहीं इंदौर के शिव अग्रवाल ने बताया कि आरोपी गोविंद अग्रवाल उनकी दुकान पर आता था। उसने मेरे खाते का इस्तेमाल कर ठगी का पैसा उसमें डलवाया। ठगी का रुपया खाते में डलवाने पर गोविंद को 1त्न कमीशन मिलता था। क्राइम ब्रांच डीसीपी निमिष अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम कमलेश वर्मा निवासी अवंतीपुर, ऋतिक सोलंकी कृष्णा कॉलोनी, नीतेश मालवीय ग्राम मीडिया, धीरज जगदुआ आरएनटी मार्ग, लोकेश कटारिया पटेल नगर अंकपत रोड, ओमप्रकाश चौधरी ग्राम मीडिया और गोविंद परिहार निवासी नाना खेड़ी उज्जैन हैं।

## कपड़ा व्यापारी से मारपीट का फुटेज आया सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अन्नपूर्णा पुलिस ने एक कपड़ा व्यापारी के साथ मारपीट किये जाने के मामले में केस दर्ज किया है। व्यापारी के साथ डॉयग्नोस्टिक सेंटर पर काम करने वाले कर्मचारियों ने बुरी तरह से मारपीट की। सामने लगे कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई। पुलिस अब आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कर रही है। पुलिस के मुताबिक मामला अन्नपूर्णा थाना इलाके के भवानीपुर का है। यहां कपड़ा व्यापारी जितेन्द्र भाटिया अपने परिवार के साथ रहते हैं। सामने शिवानी डॉयग्नोस्टिक एंड पैथालॉजी लैब है। रविवार को राहुल सिसौदिया व उनके साथियों ने कार जितेन्द्र के घर के सामने पार्क कर दी। इस बात पर जितेन्द्र की पत्नी सीमा ने आपत्ति ली। तभी राहुल और उनके साथी बाहर आए। सभी ने मारपीट करते हुए उन्हें और पत्नी से धक्का-मुक्की की। आसपास के लोगों ने भी बचाव करने की कोशिश की। इस बीच लैब कर्मचारियों ने भी उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली।

## गुंडा कट्टे सहित पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा थाना पुलिस ने सूचीबद्ध बदमाश सचिन चीना को गिरफ्तार किया है। आरोपित कट्टा लेकर आया था। टीआइ नीरज बिरथरे के अनुसार, आरोपित के विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं। रविवार शाम सचिन कुमेड़ी काकड़ क्षेत्र में वारदात के लिए पहुंचा था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।